समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें, अन्य किसी अधिकारी के नाम से नही

पत्र संख्या : R/12/21
दिनांक : 06/01/2021

प्रेषक,

कुल सचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ

सेवा में
समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
ल0 वि0 वि0, लखनऊ से सहयुक्त,
महाविद्यालय लखनऊ।

विषयः– वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2020–21 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11, 12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से सम्बन्धित मास्टर डाटा लॉक किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक समाज कल्याण अनुभाग–3 के पत्र संख्या 16/26–3–2021–4 (358)/07 टी0सी0–III दिनांक 05.01.2021 द्वारा जिन संस्थाओं/महाविद्यालयों का डिजिटल लॉक करने से छूट गया है अथवा कतिपय संशोधन है, ऐसे समस्त संस्थाओं हेतु विश्वविद्यालय स्तर से डिजिटल लॉक/संशोधन किये जाने हेतु दो दिन के लिये लॉगइन खोला गया है।

उक्त के कम में विश्वविद्यालय से सहयुक्त/सम्बद्ध समस्त संस्थानों/महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 07.01.2021 सायं 4 बजे तक संस्थान स्तर पर छात्रवृत्ति पोर्टल पर लॉक की गयी सीट/फीस का प्रिन्टआउट पाठ्यकम की समयावधि के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत किया गया प्रत्येक वर्ष का सम्बद्धता पत्र एवं शुल्क नियामक समिति द्वारा निर्धारित किये गये शुल्क की प्रति को सत्यापित करते हुए विश्वविद्यालय में डिजिटल लॉक/संशोधन कराना सुनिश्चित करें, उपरोक्त के अभाव में डिजिटल लॉक/संशोधन किया जाना सम्भव नहीं होगा जिसका उत्तरदायित्व स्वयं संस्थान का होगा।

भवदीय,

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

पत्र संख्या : .... दिनांक : ....

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग, अनुभाग–3 लखनऊ।
2. निदेशक समाज कल्याण, कल्याण भवन, प्रयाग नारायण रोड लखनऊ।
3. जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, सर्वोदय नगर लखनऊ।
4. जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, सर्वोदय नगर लखनऊ।
5. जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, कक्ष संख्या–23 कलक्ट्रेट भवन लखनऊ।
6. इन्चार्ज वेबसाइट लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त प्राचार्य/प्राचार्यों को ई–मेल प्रेषित करने का कष्ट करें।

(शशि प्रभा तिवारी)
सहायक कुलसचिव (छात्रवृत्ति)